# बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 31.12.2022 को अद्योहरस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आहुत की गयी। आहुत बैठक में जल जीवन मिशन की बैठक में उपस्थित सदस्यों/अधिकारी/कर्मचारियों की सूची संलग्न है। बैठक में निम्न बिंदुओं पर समीक्षा की गयीं।

1– जल जीवन मिशन (फेज–2) जनपद औरैया में JJM फेज–2 के कार्यों को कराये जाने हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ से अनुबंधित एजेंसी मै0 द इण्डियन ह्यूम पाइप कम्पनी (लि0) हाउस नं0 6–3–323, रामनगर, अनन्तपुरम, आन्ध्र प्रदेश का कार्य अद्यतन तक 95 स्वीकृत परियोजनाओं (सम्मिलित 149 नग राजस्व ग्राम) के सापेक्ष 60 नग (सम्मिलित 86 नग राजस्व ग्राम) परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है। शेष 02 नग प्राक्कलन (सम्मिलित 02 नग राजस्व ग्राम), जो DWSM से स्वीकृत हैं, को अतिशीघ्र SLSSC से स्वीकृत कराने हेतु निर्देशित किया गया। मै0 द इण्डियन ह्यूम पाइप कम्पनी (लि0) के एजीएम श्री रामाराव द्वारा बताया गया, कि अद्यतन तक 07 नग परियोजनाओं का ट्रायल रन करते हुये ग्रामवासियों को नियमित पेयजल आपूर्ति की जा रही है। स्वीकृत 95 नग परियोजनाओं में 36 नग ओवर हैड टैंक एवं 272.82 किमी पाइप लाइन का कार्य प्रगति पर है। 31 दिसम्बर 2022 के लक्ष्य 20783 नग FHTC के सापेक्ष 11345 नग FHTC का कार्य कराया गया है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुये फर्म को निर्देशित किया, कि कार्यों में तेजी लाते हुये समस्त कार्यों को गुणवत्तापूर्वक समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें एवं निर्माणाधीन योजनाओं में पाइप लाइन बिछाने के उपरान्त सड़क की पुनर्स्थापना का कार्य मानक के अनुसार कराया जाये, अन्यथा की स्थिति में यदि कोई दुर्घटना घटित होती है, तो फर्म के विरूद्ध प्रशासनिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। साथ ही फर्म में कार्यरत वेण्डर्स की सूची तीन दिवस के अन्दर अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम, मै0 द इण्डियन ह्यूम पाइप क0लि0)

2– जल जीवन मिशन (फेज–3) जनपद औरैया में JJM फेज–3 में डीपीआर विरचन एवं स्वीकृत उपरान्त निर्माण तथा 10 वर्षों तक अनुरक्षण कार्य हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ से अनुबंधित संस्था मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजीनियर्स लि0 को अवशेष 575 ग्रामों हेतु नामित किया गया है। नामित संस्था द्वारा अद्यतन तक 575 ग्रामों के सापेक्ष 122 नग प्राक्कलनों को SLSSC से स्वीकृत कराते हुये 83 नग पाइप पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कर 558.74 कि0मी0 पाइप लाइन एवं 10918 नग HTC एवं 83 नलकूप बोरिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। फर्म द्वारा पम्प लोअरिंग एवं सोलर सिस्टम अधिष्ठापन का कार्य न करने के कारण उक्त टैप कनेक्शन कियाशील नहीं हैं। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुये फर्म को निर्देशित किया, कि कार्यों में तेजी लाते हुये समस्त कार्यों को गुणवत्तापूर्वक समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें एवं निर्माणाधीन योजनाओं में पाइप लाइन बिछाने के उपरान्त सड़क की पुनर्स्थापना का कार्य मानक के अनुसार कराया जाये, अन्यथा की स्थिति में यदि कोई दुर्घटना घटित होती है, तो फर्म के विरूद्ध प्रशासनिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। संस्था द्वारा 73 नग (सम्मिलित 144 नग राजस्व ग्राम) प्राक्कलन जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के समक्ष

Scanned with OKEN Scanner

अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किये गये। निर्देश दिये गये हैं, कि शेष ग्रामों की डीपीआर तैयार कर आवश्यक कार्यवाही कराते हुये राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को शीघ्र ही भिजवायें। फर्म में कार्यरत वेण्डर्स की सूची तीन दिवस के अन्दर अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम, मै0 जी.वी.पी.आर0 इंजीनियर्स लि0)**

3– आई0एस0ए0

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया, कि जनपद–औरैया में आई0एस0ए0 कार्य हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के पत्र सं0– 2405 / W-314/JJM-ISA/2020-21, दिनांक– 25, जनवरी 2021 द्वारा "A" कैटेगरी की कुल 02 आई0एस0ए0 संस्थाओं (KRASHI EVAM SHAIKSHIK PRABANDH SANSTHAN & OXFORD SHIKSHA PRASAR SANSTHAN) को नामित किया गया है। उक्त के अनुपालन में तत्कालीन जिलाधिकारी महोदय से अनुमोदन उपरान्त खण्ड कार्यालय के पत्र संख्या 2650 / डब्ल्यू–27 / 112, दिनांक–08 / 04 / 2021 द्वारा विकास खण्ड–औरैया, अजीतमल एवं भाग्यनगर में ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान को कलस्टर संख्या 01, 02, 03, 04 के माध्यम से 164 नग ग्राम पंचायत एवं विकास खण्ड– बिधुना, सहार, अछल्दा व ऐरवाकटरा में कृषि एवं शैक्षिक प्रबन्ध संस्थान को कलस्टर संख्या 05, 06, 07 कलस्टर के माध्यम से 117 नग ग्राम पंचायत आवंटित किये गये थे।

संस्थाओं को विकास खण्डवार क्लस्टर आवंटन

| क्र0 सं0 | संस्था का नाम | क्लस्टर सं0 | विकास खण्ड | ग्राम पंचायत की सं0 | राजस्व ग्राम की सं0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान | 01 | औरैया | 40 | 62 |
| | | 02 | औरैया | 30 | 53 |
| | | 03 | अजीतमल | 43 | 70 |
| | | 04 | भाग्यनगर | 51 | 98 |
| 2 | कृषि एवं शैक्षिक प्रबन्ध संस्थान | 05 | बिधूना | 42 | 66 |
| | | 06 | अछल्दा / ऐरवाकटरा | 35 / 09 | 61 / 11 |
| | | 07 | सहार | 31 | 49 |
| | कुल | | | 281 | 470 |

दोनों आईएसए संस्थाओं का प्लानिंग एवं मोबिलाइजेशन फेज (03 माह) एवं इम्प्लेमेंटेशन फेज (06 माह) का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। पोस्ट इम्प्लेमेंटैशन फेज (03 माह) हेतु क्रमशः पत्र संख्या 1114 / एम–12 / 73 दिनांक 09.11.2022 एवं 1113 / एम–12 / 72 दिनांक 09.11.2022 द्वारा अनुबंध विस्तार कर दोनों आईएसए संस्थाओं का कार्य प्रगति पर है।

आईएसए संस्था ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान द्वारा आवंटित कलस्टर 01, 02, 03 एवं 04 में कलस्टर संख्या 01 व 02 की प्रथम चरण की समस्त गतिविधियों को पूर्ण कर देयक पोर्टल पर अपलोड करा दिया गया है।

Scanned with OKEN Scanner

संस्था द्वारा उपलब्ध कराये गये देयक का विवरण

| क्र. सं. | आईएसए संस्था का नाम | कलस्टर संख्या | आवंटित ग्राम पंचायत | कलस्टर की कुल राशि | भुगतान की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान | 01 | 40 | 5500000.00 | 1705000.00 |
| 2 | ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान | 02 | 30 | 4125000.00 | 1278750.00 |
| | योग | | | **9625000.00** | **2983750.00** |

उक्त देयकों का सत्यापन जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति से होने के उपरान्त जिलाधिकारी महोदय से अनुमोदन प्राप्त कर भुगतान की कार्यवाही की जानी है। सम्पन्न जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में समस्त सदस्यों द्वारा परीक्षण कर ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान के रू0 2983750.00 के भुगतान हेतु बिल प्रस्तुत किये गये। अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया, कि पिछली बैठक दिनांक 14.11.2022 के कार्यवृत्त में दिये गये विवरण के अनुसार आईएसए संस्था ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान के रू0 4006750.00 एवं कृषि एवं शैक्षिक प्रबन्ध संस्थानं के रू0 4987125.00 के भुगतान हेतु www.jjmup.org पोर्टल पर खण्ड कार्यालय द्वारा सत्यापित कर जिलाधिकारी महोयदय को अग्रेषित किया जा चुका है, जिसे SWSM से प्रदत्त ID & Passward के माध्यम से जिलधिकारी महोदय द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को अग्रेषित किया जाना है।

अधिशासी निदेशक राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के पत्र संख्या 2760/W-314 (TC Vol-6)/2022-23 Dated 10-10-2022 एवं 3724/W-314 (Vol-6)/2022-23 Dated 06-12-2022 द्वारा जनपदों में कार्यरत संतोषजनक कार्य करने वाली संस्थाओं को यथाशीघ्र जनपद के अवशेष समस्त ग्राम पंचायतों का आवंटन कराने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद के शेष 196 नग ग्राम पंचायतों में आई.एस.ए. गतिविधियों हेतु सूचीबद्ध संस्था कृषि एवं शैक्षिक प्रबन्धन संस्थान, लखनऊ को 03 कलस्टर (124 नग ग्राम पंचायत) एवं ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान, कन्नौज को 02 कलस्टर (72 नग ग्राम पंचायत) आवंटन हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

शेष ग्राम पंचायतों में क्लस्टर आवंटन हेतु विवरण

| क्र0 सं0 | संस्था का नाम | कलस्टर सं0 | विकास खण्ड | ग्राम पंचायतो की सं0 | राजस्व ग्राम की सं0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान | 11 | अजीतमल/भाग्यनगर | 25/22 | 35/31 |
| | | 12 | औरैया | 25 | 32 |
| 2 | कृषि एवं शैक्षिक प्रबन्ध संस्थान | 08 | ऐंरवाकटरा | 37 | 75 |
| | | 09 | सहार | 34 | 45 |
| | | 10 | अछल्दा/बिधूना | 26/27 | 45/38 |
| | कुल | | | 196 | 301 |

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम, मै0 ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान, मै0 कृषि एवं शैक्षिक प्रबन्धन संस्थान )**

**मै0 भावसर फाउण्डेशन नई दिल्ली** अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया, कि ीकी कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा भावसर फाउण्डेशन को ा किया गया। जनपद औरैया में कुल 6201 तकनीकी कार्मिकों के प्रशिक्षण के लक्ष्य के सापेक्ष

Scanned with OKEN Scanner

अब तक 2419 तकनीकी कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। भावसर फाउण्डेशन प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया, कि तकनीकी कार्मिकों का प्रशिक्षण पारदर्शितापूर्वक किया जाये। साथ ही जल निगम (ग्रामीण) द्वारा प्रदान की जाने वाली ट्रेनिंग किटों का वितरण समयान्तर्गत किया जाये। प्रशिक्षण हेतु शेष विकास खण्डों में खण्ड विकास अधिकारी से समय प्राप्त कर प्रशिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध करायें, जिससे प्रशिक्षण कार्यक्रम की निगरानी करायी जा सके।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम, मै0 भावसर फाउण्डेशन नई दिल्ली)

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति
औरैया

31/12/22
जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति
औरैया

पत्रांक 25 / W-35 /02 दिनांकः 05-01-2023

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य विकास अधिकारी, औरैया (सदस्य)
2. जिला विकास अधिकारी, औरैया (सदस्य)
3. अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, औरैया (सदस्य)।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, औरैया (सदस्य)
5. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, औरैया, औरैया (सदस्य)
6. जिला कृषि अधिकारी, औरैया (सदस्य)
7. क्षेत्रीय वनाधिकारी औरैया स्वयं या उनके द्वारा नामित (सदस्य)
8. अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई, इटावा (सदस्य)
9. अधिशासी अभियन्ता जल निगम, औरैया (सदस्य सचिव)
10. द इण्डियन ह्यूम पाइप कम्पनी (लि0) हाउस नं0 6-3-323, रामनगर, अनन्तपुरम, आ.प्रदेश।
11. मै0 जी.वी.पी.आर. इंजीनियर्स लि0, हैदराबाद–500033 तेलंगाना।
12. जिला समन्वयक, मेधज टैक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0, औरैया।
13. जिला परियोजना प्रबन्धक, बी.एल.जी. कं0 सर्विसेज प्रा0लि0, औरैया।
14. मै0 भावसर फाउण्डेशन, मयूर विहार, नई दिल्ली।
15. मै0 ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान, मुहल्ला तिवारियान, छिबरामऊ, जनपद कन्नौज।
16. मै0 कृषि एवं शैक्षिक प्रबंधन संस्थान एल–3, एच.आई.जी. कुर्सी रोड, अलीगंज, लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति
औरैया

Scanned with OKEN Scanner